No. of Printed Pages : **7**

# 4955

Register Number | | | | | | | |

# Language – Part I – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 100

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

## भाग - I

**(15 Marks)**

**सही** उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**

Choose and write the **correct** answer.

**1.** कर्मवीर कविता, देश के _________ को मेहनत की सीख देनेवाली कविता है।

(अ) बूढ़ों (आ) बच्चों (इ) नवयुवकों (ई) स्त्रियों

**2.** 'साकेत' _________ का महाकाव्य है।

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (आ) कबीरदास

(इ) हरिवंशराय बच्चन (ई) महादेवी वर्मा

**3.** ''पाँचजन्य'' कविता के लेखक _________ हैं।

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (आ) हरिवंशराय बच्चन

(इ) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ई) सुमित्रानंदन पंत

**4.** _________ को मिटाने के लिए तलवार आवश्यक है।

(अ) अज्ञान (आ) अनुशासन (इ) अपमान (ई) अन्याय

**5.** _________ मनुष्य का जीवन दु:खमय कर देता है।

(अ) नफ़रत (आ) धन (इ) लोभ (ई) सत्संग

[ Turn over

6. हिन्दुस्तान की जो _________ हो रहा है इसका यही कारण है कि यहाँ के लोग अपने भरोसे पर रहना ही भूल गए हैं।

(अ) सत्यनाश (आ) उन्नति (इ) अहिंसा (ई) महत्वपूर्ण

7. _________ कुछ व्यक्तियों का ही नहीं, कुछ जातियों तक का स्वभाव हो जाता है।

(अ) नृत्य (आ) चित्र (इ) कला (ई) शासन

8. यूरोप और अमेरिका के ज्ञानी _________ ही को बल, बल नहीं सर्वस्व समझते हैं।

(अ) लोभ (आ) धन (इ) बुद्धि (ई) सदाचार

9. संज्ञा या सर्वनाम की _________ प्रकट करने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।

(अ) विशेषण (आ) विशेषता (इ) सर्वनाम (ई) क्रिया विशेषण

10. पुरुषवाचक सर्वनाम _________ प्रकार के होते हैं।

(अ) एक (आ) दो (इ) तीन (ई) चार

11. प्रत्यय का दूसरा नाम _________ है।

(अ) तत्सम (आ) तत्भव (इ) परसर्ग (ई) तद्धित

12. स्वयं अर्थ का बोध कराने वाले शब्द _________ हैं।

(अ) समुच्चय बोधक (आ) उपसर्ग

(इ) निजवाचक सर्वनाम (ई) समूहवाचक संज्ञा

13. कोटरया _________ था।

(अ) दुकानदार (आ) ग्वाला (इ) मज़दूर (ई) कुम्हार

14. नगरवासी _________ का उत्सव मना रहे हैं।

(अ) दीवाली (आ) श्रावणी (इ) पोंगल (ई) ईदगाह

15. सावित्री स्वभाव से _________ थी।

(अ) डरपोक (आ) भीरू (इ) सुन्दर (ई) दयालु

## भाग - II

**(18 Marks)**

### अंश - 1

**किन्हीं चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **4x2=8**

Answer **any four** questions briefly.

**16.** रसखान कृष्ण दर्शन के लिए क्या-क्या चाहते हैं?

**17.** 'मातृभूमि' कविता का प्रकृति-चित्रण कीजिए।

**18.** कवियों की नयी तान क्या है?

**19.** व्यक्तित्व के अभाव में व्यक्ति का क्या हाल होता है?

**20.** लोभ किसे कहते हैं? उसका परिणाम क्या होता है?

**21.** यूरोप का उन्नति का कारण बताइए।

### अंश - 2

**किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5x2=10**

Answer **any five** questions.

**22.** विशेषण किसे कहते हैं? भेदों के नाम लिखिए।

**23.** समुच्चय बोधक की परिभाषा लिखिए।

**24.** प्रत्यय किसे कहते हैं?

**25.** तत्सम उपसर्ग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**26.** संबन्ध बोधक की परिभाषा देकर सोदाहरण समझाइए।

**27.** वाच्य किसे कहते हैं?

**28.** क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? उसके कितने भेद होते हैं?

## भाग - III

**(18 Marks)**

### अंश - 1

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x3=6

Answer **any two** questions.

**29.** कलम और तलवार का अंतर स्पष्ट कीजिए।

**30.** महादेवी वर्मा की प्रमुख रचनाओं का नाम उल्लेख कीजिए।

**31.** संस्कृति का प्रभाव किन-किन बातों पर पड़ता है?

### अंश - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। 2x3=6

Answer **any two** questions. Question No. **34** is **compulsory**.

**32.** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

(अ) जो दूर की बातें सोचता हो -

(आ) जिसे लड़ने की आदत हो -

(इ) जिसके कोई अंग न हो -

**33.** वाच्य बदलिए :

(अ) लता पुस्तक पढ़ती है।

(आ) लड़की से कपड़ा सिया जाता है।

(इ) इतनी रोटी कौन खायेगा?

**34.** (अ) हरेक वाक्य में संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए :

(a) मंदिर में आज बहुत भीड़ है।

(b) चाबी का गुच्छा कहाँ हैं?

(c) यह चाँदी की कटोरी है।

**अथवा**

(आ) दिए गए शब्दों के शब्द युग्म लिखिए :

(a) चर्म

(b) अंदर

(c) कपाट

**अंश - 3**

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **2x3=6**

Answer **any two** questions.

**35.** मुरली वाले की खुशी का कारण प्रस्तुत कीजिए।

**36.** हींग लेने के बाद बच्चों ने माँ से क्या-क्या कहा ?

**37.** कोट्टय्या ने सत्याग्रह क्यों किया ?

**भाग - IV**

**(25 Marks)**

**सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5x5=25**

Answer **all** the **five** questions.

**38.** (अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय का कवि परिचय लिखिए।

**अथवा**

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

जिन ढूँढा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठि।
मैं बापुरा डूबन डरा, रहा किनारे बैठि॥

**39.** कंठस्थ भाग :

(अ) जा घट . . . . . . . . . . . . . .
. . . . . . . . . . . . . . बिनु प्रान॥

**अथवा**

(आ) साधु . . . . . . . . . . . . . .
. . . . . . . . . . . . . . देइ उडाय॥

**40.** अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

Translate the following into English.

(अ) पहाड़ बादलों को रोककर पानी बरसाते हैं।

(आ) मरने वाले से जिलाने वाला अच्छा है।

(इ) दुनिया की चीजों के पीछे दौड़ने से मन की शांति जाती रहती है।

(ई) जिसका मन सत्य का मंदिर है, उसका आचरण भी पवित्र होता है।

(उ) कोलंबस धैर्यवान और खोज प्रवृत्ति का युवक था।

**41.** गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक बार भगवान बुद्ध का प्रचारक घूम रहा था। उसे एक भिखारी मिला और वह प्रचारक उसे भगवान बुद्ध का उपदेश देने लगा। भिखारी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया क्योंकि उपदेश में उसका मन नहीं लग रहा था। प्रचारक को बहुत क्रोध आया और उसने भगवान बुद्ध के पास जाकर कहा ''वहाँ एक भिखारी बैठा है वह मेरे उपदेश नहीं सुनता है।'' बुद्ध ने कहा उसे मेरे पास लेकर आओ। प्रचारक उसे बुद्ध के पास लेकर गया, बुद्ध ने समझ लिया कि यह तीन चार दिनों से भूखा है। उन्होंने उसे भरपेट भोजन खिलाया और वापस भेज दिया। बुद्ध ने कहा आज उसके लिए अन्न ही उपदेश था।

(अ) प्रचारक क्यों नाराज हुआ ?

(आ) भिखारी ने उपदेश क्यों नहीं सुना ?

(इ) भिखारी को देखकर बुद्ध ने क्या किया ?

(ई) बुद्ध ने भिखारी के बारे में क्या कहा ?

(उ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**42.** (अ) **सही** मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | करि | – | रीतिवाचक क्रिया विशेषण |
| (b) | शिक्षित | – | कि |
| (c) | धीरे-धीरे | – | उपसर्ग |
| (d) | विकल्प बोधक | – | हाथी |
| (e) | जो – सो | – | संबंध वाचक सर्वनाम |
| | | – | जिसने शिक्षा पायी हो। |
| | | – | भाववाचक संज्ञा |

**अथवा**

(आ) **सही** मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | के ऊपर | – | उपसर्ग |
| (b) | अचानक | – | निजवाचक सर्वनाम |
| (c) | राम | – | संबंध बोधक अव्यय |
| (d) | प्रबल | – | रीतिवाचक क्रिया विशेषण |
| (e) | आप | – | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| | | – | भाववाचक संज्ञा |
| | | – | गुणवाचक संज्ञा |

## भाग - V

**(24 Marks)**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3x8=24

Answer **all** the questions.

**43.** (अ) लोभ नामक पाठ का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) जीवन और शिक्षण पाठ का सारांश लिखिए।

**44.** (अ) मातृभूमि कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) पाँचजन्य कविता का सारांश लिखिए।

**45.** (अ) ''मिठाईवाला'' कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) बदला कहानी का सारांश लिखिए।

- o O o -